दिनांक 18.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ जोन 02 के आयुक्त, श्री आर0के0 पदमवार ने जानकारी देते हुए बताया कि जोन 02 के अतंर्गत मेसर्स लोट्स कन्ट्रक्शन पता– प्लाट नं. 57,58 सुन्दर विहार कुरुद, भिलाई जिसके द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई में विकास कार्य किये जाने हेतु निविदा जमा किया गया था। उक्त ठेकेदार को वार्ड 9 में लोक भारती स्कुल के सामने मंच के पास भवन निर्माण कार्य दिया गया था। उक्त ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए समय–समय पर विभाग द्वारा सूचना पत्र एवं अंतिम पत्र भी जारी किया गया था । पत्र जारी करने के बाद भी उक्त ठेकेदार के द्वारा निर्धारित समय में अपने कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया, जिसके कारण निविदा शर्तों का उलंघन पाया गया । उक्त निविदा कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा जो धरोहर राशि के रुप में निगम कोष में 5 हजार जमा की गई थी उक्त राशि को राजसात करते हुए संबंधित ठेकेदार को आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित करने का आदेश जारी किया गया है।

(सुभाष सिंह ठाकुर)
जन सम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई